तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 जनवरी 2024

10 2023 की विदाई तथा 2024 की स्वागत ...

10 ई-जनदर्शन में ग्रामीणों ने मांग एवं समस्याओं से कराया ...




## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के प्रदेश सचिव बने शब्बीर



**कांकेर।** प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी 2023-2026 के लिए कांकेर जिले के युवा व्यवसायी शब्बीर मेमन को प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन का सचिव बनाया गया है। प्रदेश सचिव ने कहा कि योगेश अग्रवाल से वर्ष 2010 से प्रेरित हुए और हर वर्ष उनके स्पीच सुनने के लिए मीटिंग में जाते थे। वर्ष 2020 में अरवा चांवल महासंघ का गठन किया गया था, जिसमें प्रदेश महामंत्री का दायित्व भी योगेश अग्रवाल ने मुझे दिया था । शब्बीर मेमन का कहना है कि हमारे अध्यक्ष सशक्त और मिलर के साथ सुख दुख में खड़े रहने वाले और हर मिलर की समस्या का त्वरित निराकरण कराने में माहिर है। प्रदेश के हर ज़िले के मिलर के हर कार्य को करने की भरसक कोशिश करेंगे।

### विशेष ग्रामसभा का आयोजन 3 से 5 जनवरी तक

**कांकेर।** प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत हितग्राहियों के पात्रता परीक्षण के लिए जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 3 से 5 जनवरी तक विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास प्लस सूची में शामिल परिवारों में से ही संबंधित हितग्राहियों और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत प्राप्त सर्वे डाटा के अनुसार विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीव्हीटीजी) के चिन्हांकित परिवारों की पात्रता परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत विकास योजना वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, संबंधित अभिसरण के कार्यों एवं फ्लैगशिप योजनाओं को शामिल करते हुए उनका अनुमोदन किया जाएगा।

### बीमा राशि को पुनः खेती कार्य में लगाकर अच्छी फसल की प्राप्त

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोदागांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के हितग्राही कृषक दयाराम आरदे ने बताया कि वर्ष 2021-22 में फसल बीमा योजना के तहत अपने खेतों के फसल का बीमा करवाया था। फसल की क्षति होने की स्थिति में इसके तहत उन्हें लगभग 46 हज़ार रुपए की बीमा राशि सीधे उनके खाते में जमा हुई। इस राशि से उन्हें खेती-बाड़ी कार्य को आगे बढ़ाने में मदद मिली और अच्छी फसल प्राप्त किया। कृषक दयाराम ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी बीज, खाद और दवाइयों सहित खेती कार्य हेतु अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में बहुत मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई किसान हितैषी योजनाएं संचालित हैं, जिससे लाभान्वित होकर सभी किसान आत्मनिर्भर बन रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि आगे भी ऐसे ही किसानों के हित में योजनाएं सरकार द्वारा संचालित होती रहेंगी।

### मदिरा दुकान के कर्मचारियों को किया गया ब्लैक लिस्टेड

**कांकेर।** कांकेर शहर में संचालित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान में हुई चोरी की घटना पर दुकान के कर्मचारियों पर कार्य में लापरवाही बरतने पर छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोशन लिमिटेड के जिला प्रबंधक द्वारा कार्रवाई करते हुए सेवा से पृथक किया जाकर उन्हें ब्लैक लिस्टेड किया गया है। जिला प्रबंधक ने बताया कि 27 दिसम्बर 2023 की रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ▶▶ शेष पेज 08 प

# नए साल में श्रद्धालु सुबह पहुंचे मंदिरों में, पिकनिक स्पॉट पर सैलानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- पर्यटकों ने उत्तर बस्तर को खूबसूरत बताया

नववर्ष की पावन बेला पर हजारों श्रद्धालु शीतला मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर, बजरंग बली मंदिर व अन्य मंदिरों में पहुंचकर दर्शन करके अपने नववर्ष का आगाज किया। श्रद्धालुओ ने अपने घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। सुबह से ही शहर के सभी मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जिले के पिकनिक स्पाट पर सैलानी ही सैलानी नजर आ रहे थे। बीती रात को पहले जिस तरह से सड़कों पर आतिशबाजी व धूम धड़ाका होता था, वैसा इस बार कुछ भी देखने को नहीं मिला।

## नए साल का मना जश्न, बीती रात को किया स्वागत





### दुधावा में लगी सैलानियों की भीड़

कांकेर में पर्यटन के रूप में विकसित हो रहा दुधावा जलाशय को नए साल पर दो हजार से अधिक लोग नए वर्ष मनाने पहुँचे। दुधावा जलाशय में नव वर्ष पर पखांजुर, भानुप्रतापपुर, जगदलपुर, महासमुंद, राजनांदगांव, गरियाबंद, बालोद समेत अन्य जगहों से लोग पहुंचे थे, जिन्होने जलाशय में भ्रमण कर कैंटीन का लुत्फ उठाया और नववर्ष धूमधाम से मनाया।

विगत कई वर्षों से नए युग पर चलने वाले नया वर्ष मनाने के लिए रविवार की रात को 12 बजे तक जागरण कर नाच गाना कर 12 बजते ही आतिशबाजी कर नए वर्ष का स्वागत करते थे, परंतु इस बार ज्यादा माहौल देखने को नहीं मिला। अंग्रेजी नववर्ष के पहले दिन सोमवार को कांकेर जिले के दुधावा डेम, पार्क, जलप्रपात सहित जंगली इलाकों में पिकनिक मनाने के लिए लोग परिवार व दोस्तो के साथ अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। नववर्ष के आगाज के बाद अब इसे यादगार बनाने के लिए लोगों ने अपने दिन की नए तरीके से शुरूआत की। मंदिरों में सुबह सुबह से भक्तों की भीड़ लगी, जिनके द्वारा पूजन अर्चना कर भगवान को मनाने का प्रयास किया । शहर के ऊपर नीचे रोड में आराधना करने पहुंची श्रद्धालुओं ▶▶ शेष पेज 08 पर

## हड़ताल : तीन दिनों तक ट्रक व बसों के पहिए थमे रहेंगे, प्रदेश स्तर पर हुआ ऐलान

# हिट एंड रन के नए कानून का ड्राइवरों ने किया विरोध, ट्रक व लोकल बसों के थमे रहे पहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- खराब और गलत ढंग से बनी सड़कों को पहले ठीक करना जरूरी



केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे हिट एंड रन के नए कानून को लेकर ट्रक ड्राइवरों और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स द्वारा विरोध किया जा रहा है। इसी के तहत कांकेर जिला में इस विरोध का प्रभाव साल के पहले दिन देखने को मिला। साल के पहले दिन सड़कों पर लोकल बसों और ट्रक के पहिए थमे हुए नजर आएं। रायपुर से जगदलपुर जाने वाली 50 प्रतिशत बसें नजर आई। बसों के नहीं चलने से यात्री भी परेशान नजर आएं। विरोध करने वालों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा सड़क हादसों पर नियंत्रण करने के लिए संशोधित कानून में बदलाव किया गया है और 1 अप्रैल को लागू करने वाली है।

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने तीन दिनों तक ट्रक व बसों के पहिए जाम की घोषणा किया है, जिसके तहत पहले दिन 1 जनवरी 2024 को कांकेर जिला की सड़कों पर ट्रक दिनभर से नजर नहीं आएं, वहीं लोकल बसों के पहिए थमें रहे। रायपुर से जगदलपुर जाने वाली बसों के पहिया नहीं थमे, यह बसें सड़को पर दौड़ती हुए नजर आई। छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि इंडियन पीनल कोड 2013 में हुए संशोधन के बाद एक्सीडेंट होने पर ड्राईवर को 10 साल की सजा और 7 लाख के जुर्माना का प्रावधान किया गया है। इस संशोधन का ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने भी विरोध किया है। इस व्यवसाय से जुड़े वाहन मालिकों का कहना है कि इस नियम आने के बाद भारी वाहन चालक अपनी नौकरियां छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में एक्सीडेंट में दोषी वाहन चालकों को 10 साल की सजा का प्रावधान है, जो कि हमारे परिवहन उद्योग को खतरे में डाल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की सड़क परिवहन बिरादरी भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत हिट एंड रन के मामलों पर प्रस्तावित कानून के तहत कठोर प्रावधानों के संबंध में सहमति नहीं जताती है। यातायात संघ का कहना है कि यात्रियों सहित चालक परिचालक का बीमा होता है, यदि जुर्माना या दण्ड का प्रावधान बीमा कंपनी को अदा करने का प्रावधान हो, ताकि बीमित व्यक्ति तथा बीमित वाहन का मुआवजा तुरंत संबंधित को मिल सके। बीमा की क्षतिपूर्ति की राशि चाहे वह थर्ड पार्टी का क्यों ना हो, इसमें भी वृद्धि होना चाहिए। छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ केन्द्र सरकार से शीघ्र यह उम्मीद करता है कानून के विसंगतियों कमियों को तत्काल संशोधन कर इस एकतरफा कानून को समाप्त करे तथा न्यायसंगत कानून समान मौलिक अधिकार को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर तत्काल निर्णय करे।

### चालक की ले सकती है जान

सड़क पर कई बार दुर्घटनाएं होती रहती है और दुर्घटना के बाद जो स्थिति उत्पन्न होती है वह चालक की जान भी ले सकती है। ऐसे में यह नही देखा जाता कि गल्ती किसकी है। इसमें गरीब ड्राइवर पर 7 लाख का जुर्माना व 10 साल की सजा को झेल पाएगा। यह तो उस ड्राइवर व उसके परिवार को हमेशा के लिए नष्ट करने का एक तरीका है।

### व्यवस्था पहले ठीक की जाए

संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि खराब सड़कें, सड़क डिजाइन, दिन प्रतिदिन बढ़ती वाहनों की संख्या, यातायात अनुशासन की कमी, यातायात पुलिस और आरटीओ से होने वाले परेशानियों पर चिंतन जरूरी है। उचित प्रशिक्षण ना मिलना, चालकों को सामाजिक सुरक्षा का अभाव, उपचारात्मक उपायों की योजना बनाना आवश्यक है। ऐसे कानून बनाने से दुर्घटनाएँ नहीं रूकेगी।

# सिकसोड़ में पुलिया से गिरी कार, 6 घायल और 4 गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

साल के पहले दिन सिकसोड़ थानांतर्गत ग्राम सिकसोड़ में 1 जनवरी की रात 3 बजे सिकसोड़ की पुलिया के पास कार चालक टर्निंग में धोखा खा गए और कार पुलिया के नीचे जा गिरी। जिससे कार में सवार 6 लोग घायल हो गए, जिसमें दो का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ में चल रहा वहीं चार घायलों को हायर सेंटर रायपुर भेजा गया।

जानकारी के अनुसार 1 जनवरी की रात 3 बजे के आसपास धनोरा निवासी अनिल नाग और लोकेश पाण्डे, छोटडोंगर निवासी गुलशन मानिकपुरी, सूरज पोटाई, राजकुमार नुरेटी और अजीत नेताम कार में सवार होकर कोयलीबेड़ा की ओर अपने दोस्त से मिलने जा रहे थे। सिकसोड़ ग्राम में प्रवेश करते ही पुलिया के पास टर्निंग है। कार चालक टर्निंग पर कार को नहीं मोड़ पाया और कार पुलिया से नीचे जा गिरी। कार पुलिया के नीचे गिरते ही कार के परखच्चे उड़ गए वहीं कार में सवार लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में किसी ने इसकी जानकारी अपने परिचितों को दिया और उसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को मिली। घायलों को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ लाया गया।

चिकित्सकों ने सभी घायलों की जाँच किया जिसमें चार गंभीर रूप से घायलों को बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर रायपुर रिफर किया गया, जिसमें किसी के दोनो पैर व हाथ टूट गए है। अंतागढ़ में घायल दो की स्थिति सामान्य है।

घटना सिकसोड़ थानांतर्गत की है, परंतु समाचार लिखे जाने तक किसी ने घटना की जानकारी थाना में नहीं दिया है, जिसके चलते घायलों के बारे में विस्तृत जानकारी पुलिस को नहीं मिल सकी है। पुलिस का यहीं कहना है कि रायपुर भेजे गए चार गंभीर में एक की हालत नाजुक है।

# ग्रामवासियों को विकसित भारत निर्माण के लिए दिलाई शपथ

- विधायक ने ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने का किया आग्रह

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले के कांकेर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकड़ी में 1 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।





विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ हर वर्ग के व्यक्तियों तक पहुंचे, यही विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थिति ग्रामीणजनों से विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। साथ सभी ग्रामवासियों को विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ भी दिलाई। इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राहियों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को भी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत चिल्हाटी एवं कोरर में आयोजित शिविर में निःशुल्क बी-वन खसरा का वितरण किया गया। इसके अलावा ग्राम दबेना, डोमपदर, बेलोंडी, नारा, तुमसनार, भिरौद, भिलाई, ऐसेबेड़ा एवं गोविन्दपुर में भी विकसित भारत यात्रा का आयोजन हुआ।

# कोरर चौक में आज करेंगे चक्काजाम




**चारामा।** केन्द्र सराकर के द्वारा हाल ही में लाए गए हिट एंड रन कानून के विरोध में समस्त ड्राइवर सघं चारामा द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर कोरर चौक में 2 जनवरी को चक्का जाम करने को लेकर 1 जनवरी को एसडीएम राकेश गोलछा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों ने बताया कि सरकार द्वारा इस काले कानून को वापिस लें या इसमें सुधार लाएं, इसी माँग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। हड़ताल का असर सब्जी मार्केट में दिखने लगा है।

इस दौरान पार्षद सुभाष सोनकर, अर्जुन देवांगन, चेतन सिन्हा, अफजल खान, ध्रुव राम साहु, गुलाब साहु, बलवन्त साहु, कमल महावीर, विन कुमार, कैलाश लोधार, बिरेन्द्र सोनकर, किशनलाल, किशोर नेताम, राकेश सिन्हा, बीरसिंह यादव, संजय रजक, राहुल ध्रुव ,चन्द्रभान यादव सहित बड़ी संख्या में वाहन चालक उपस्थित रहे।

# शासकीय आदर्श महाविद्यालय में एबीवीपी ने घोषित की कार्यकारिणी, आदित्य बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



एबीवीपी द्वारा शासकीय आदर्श महाविद्यालय में उपस्थित छात्रों के मध्य बैठक करके शासकीय आदर्श महाविद्यालय की कार्यकारिणी की घोषणा किया। आदित्य झा को अध्यक्ष और अतुल साहू मंत्री घोषित किए गए हैं। जिला संयोजक आदित्य मिश्रा ने कहा कि यह संगठन छात्रों से प्रारंभ हुआ छात्रों की समस्याओं के निवारण के लिए एक एकत्र छात्र शक्ति का परिचायक है। विद्यार्थी परिषद के अनुसार छात्र शक्ति ही, राष्ट्रशक्ति होती है। विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। स्थापना काल से ही संगठन ने छात्र हित और राष्ट्र हित से जुड़े प्रश्नों को प्रमुखता से उठाया है और देशव्यापी आंदोलनों का नेतृत्व किया है। पीजी कॉलेज के कार्यकारिणी अध्यक्ष संदीप साहू ने कहा कि राष्ट्रवादी छात्रों के इस संगठन की हर वर्ष देशव्यापी सदस्यता होती है। देश के सभी विश्वविद्यालयों और अधिकांश कॉलेजों में परिषद की इकाईयां हैं। संगठन का मानना है कि आज का छात्र कल का नागरिक है, यह एकमात्र संगठन है जो शैक्षणिक परिवार की अवधारणा में विश्वास रखता है। कार्यकारिणी घोषणा के पूर्व ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं युवाओं के आधार स्तंभ स्वामी विवेकानंद को नमन किया और कार्यकारिणी घोषणा प्रांत निजी विश्व विद्यालय के प्रमुख हर्ष धनकर द्वारा किया गया जिसमें उपाध्यक्ष प्रांजल, ट्विंकल, साक्षी, तृप्ति साहू, सह मंत्री भव्य, अंजली, यशस्वी, कृतिका, सोशल मीडिया प्रमुख हर्ष रामटेके, सह प्रमुख चेतन, छाया, भूषण जैन, एसएफडी प्रमुख यशस्वी नेताम, रवनीत, देव, जीविका मंडावी, एसएफएस प्रमुख कशिश सह प्रमुख हिमांशी तिवारी, चेतन, गुंजन, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख आशिफा, सह प्रमुख पायल सेन, तृप्ति साहू, क्रीड़ा प्रमुख दिवांशु धुर्व, सह प्रमुख नम्रता विश्वास, नम्रता कांगे, एनएसएस प्रमुख अरमान शर्मा सह प्रमुख डेविडा, सानिया नेनानी, देवेंद्र को मनोनीत किया गया।

## दो माह से खरीदा हुआ धान जाम होने से सूख रहा

# परिवहन ठप होने से खरीदी केंद्रों में जाम, धान खरीदी बंद होने की नौबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

- सूखत के कारण लैंपस को उठना पड़ेगा नुकसान

धान खरीदी केंद्र दुर्गुकोंदल में धान का उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्र में 15 हजार 892 क्विंटल धान जाम हो गया है। खरीदी प्रभारी और लैंपस प्रबंधक के द्वारा उच्च अधिकारियों को लगातार जानकारी दिए जाने के बाद भी कोई पहल नहीं होने से समिति का अमला परेशान हैं। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि दो दिवस के भीतर धान परिवहन नहीं होने पर धान खरीदी केंद्र में धान रखना मुश्किल हो जाएगा और धान खरीदी बंद हो सकती है।



विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के धान खरीदी केंद्र में धान परिवहन नहीं होने से धान जाम हो गया है।

लैंपस प्रबंधक जितेन्द्र साहू व खरीदी प्रभारी हेमंत साहू ने बताया कि इस सीजन में अब तक 23 हजार 592 क्विंटल धान खरीदी हुई है और 7700 क्विंटल धान का उठाव हुआ है। धान खरीदी फड़ में 15892 क्विंटल धान जाम हो गया है। खरीदी करने के लिए केंद्र में जगह नहीं है, दो दिन के भीतर उठाव नहीं हुआ तो धान खरीदी बंद करना पड़ेगा। इस वर्ष लगातार बादल छाने से मौसम खराब हो रहा है, पिछले तीन दिनों से बादल छाया हुआ है। खुले आसमान में खरीदा हुआ धान पड़ा है। बारिश हुई तो पुरा धान भीग जाएगा और लैंपस को करोड़ों रूपए की क्षति होगी।

लैंपस प्रबंधक ने कहा कि जितनी धान खरीदी केंद्र में जाम पड़ी हुई है, इसे ढकने के लिए व्यवस्था नहीं है। आधा धान चबूतरा और आधा धान जमीन है, बारिश हुई तो भारी क्षति होगी।

समिति प्रबंधक व खरीदी प्रभारी का कहना है कि लगातार धान के उठाव की मांग कर रहे हैं, लेकिन उठाव को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दो माह से खरीदा हुआ धान जाम होने से सूख रहा है, सूखत का घाटा भी लैंपस को होगा। दो दिवस के भीतर धान का उठाव नहीं हुआ तो तीसरे दिन धान खरीदी बंद करेंगे, जबतक पूरी तरह से उठाव नहीं होगा खरीदी कार्य बंद रहेगा।

### बीज और खाद खरीदने में किया उपयोग

**कांकेर।** विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत किरगोली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किरगोली के कृषक कांशी राम पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से एक किस्त के रूप में दो हजार रुपए की राशि प्राप्त होती है। यह राशि जरूरत के समय में बहुत काम आया और इसका उपयोग वे खेती कार्य के लिए बीज, खाद और दवाई खरीदने में किया। इस राशि से उन्हें कृषि कार्य में बहुत मदद मिली। सम्मान निधि योजना ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों के लिए बहुत ही लाभदायक योजना है।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### बागतराई में रामायण मंड़ई 5 से

**कोर्रा (भखारा)।** बागतराई में नया वर्ष के अवसर पर 5 जनवरी दिन सोमवार से समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय रामायण मंड़ाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शुभारंभ के मुख्य अतिथि भोला साहू जुगदेही, रंजना डिपेंद साहू पूर्व विधायक धमतरी, इंदरचंद चोपड़ा पूर्व विधायक धमतरी, रामू रोहरा धमतरी रहेंगे। वहीं समापन में ओंकार साहू विधायक धमतरी पहुंचेंगे। रामायण मड़ाई में 20 मानस मंडलियां भाग लेंगी। रात्रि में कूलिया कनेरी नाचा की प्रस्तुत होगी। जिसकी तैयारी में ग्राम विकास समिति बागतराई के पदाधिकारी, बिसौहा साहू ग्राम पटेल,दोवन साहू अध्यक्ष, सेवक साहू कोषाध्यक्ष बागतराई,धुव साहू सचिव ,उदय राम उपाध्याय, जितेन्द्र साहू सहसचिव, तथा सभी तैयारियां में झूमन साहू बागतराई, सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

### डोमा में 5 जनवरी से भागवत कथा

**कोर्रा (भखारा)।** ग्राम डोमा में श्री मद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का



आयोजन पांच जनवरी से तेरह जनवरी किया जा रहा है। कथा व्यास बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी होंगे। आयोजनकर्ता संतराम -खेमीन देवी, बीरबल -दिनेश्वरी,पोखन लाल -किरण देवी, द्वारिका प्रसाद -वीणा देवी, मोतीलाल -निर्मला देवी, मदनलाल -लक्ष्मी निर्मलकर,तिहारू राम -पुष्पा देवी यादव, हेमंत प्रताप -अहिल्या देवी, सुरसेन-भेजीन साहू एवं समस्त डोमा के ग्रामवासी शामिल हैं।आयोजनकर्ताओं ने समस्त धर्मप्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

### कमार बस्ती में बनाये गये 68 आयुष्मान कार्ड



**धमतरी।** कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न वर्गो के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है और इसकी कहानी वे खुद अपनी जुबानी मंच पर खड़े होकर बता रहे है। संकल्प शिविर में आवास, गैस कनेक्शन, बीमा, स्वास्थ्य जांच, आधार पंजीयन, केसीसी सहित केन्द्र शासन की अन्य योजनाओं से ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है। कलेक्टर श्री रघुवंशी के निर्देश पर मगरलोड विकासखंड के सुदूर मोहेरा पंचायत के विशेष पिछड़ी जनताति के लोगों के शत-प्रतिशत आधार कार्ड पंजीयन करने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा कमार बस्ती में, ढिकुटिया में स्वास्थ्य अमले द्वारा घर-घर दस्तक देकर कमार जनताति के लक्षित 134 में से 68 लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया।

### 85 बल्क लीटर महुआ शराब और 3500 किग्रा लाहान किया बरामद



**धमतरी।** आबकारी अमले ने 29 दिसंबर को ग्राम सियादेही जंगल में छापेमार कार्यवाही से 85 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त किया तथा 3500 किलोग्राम लाहान नष्ट किया। साथ ही अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 34(1) च के तहत प्रकरण कायम किया गया। इस कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक प्रद्युमन नेताम, लालजी दीवान, पुरुषोत्तम सिन्हा, निशांत साधु, आबकारी आरक्षक सहित नगर सैनिक यामिनी, हीरा टांडे, राहुल, रामकिशोर चंद्राकर शामिल थे।

- आबकारी अमले ने अवैध शराब के विरूद्ध की कार्यवाही

# हिट एंड रन कानून के विरोध में ऑटो-टैक्सी चालक हड़ताल पर

## दोष साबित होने पर 7 लाख रुपये तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

देश मे लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के विरोध में ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं और नए कानून में संशोधन की मांग कर रहे हैं। इस हड़ताल का असर कोण्डागाँव जिले के फ़रसगाँव में भी देखने को मिला है, फ़रसगाँव नगर के बस स्टैंड में ब्लाक के ऑटो और टैक्सी ड्राइवर भी हड़ताल पर बैठ गए हैं और सरकार से हिट एंड रन केस कानून में संशोधन की मांग कर रहे हैं। हड़ताल पर बैठे लोगो ने बताया कि उनके द्वारा शांतिपूर्ण हड़ताल के लिए तहसील कार्यालय और थाने में ज्ञापन देने के पश्चात नगर के बस स्टैंड में हड़ताल पर बैठे हैं।



### व्यापारियों की परेशानी बढ़ी

फरसगांव नगर के केवी जनरल स्टोर के संचालक फ़रिज मेमन, अमित जायसवाल, मो.आसिफ़ मेमन, लक्की जायसवाल, महेश झा सहित अन्य व्यापारियों ने बताया ड्राइवरो के हड़ताल पर जाने से बड़े व्यापारियों को भी नुकसान हो रहा है, हार्डवेयर, किराना, इलेक्ट्रॉनिक ढुकान में बेचे गए सामानों की होम डिलीवरी नहीं हो पा रही है, वही रायपुर या अन्य जगहों से आने वाला समान नही पहुच पा रहा है।

फरसगांव ऑटो यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष सुरेश शार्दूल व अन्य ड्राइवरों का कहना है कि सरकार जबतक इनकी मांगों को पूरा नही करेगी तब तक इनका हड़ताल जारी रहेगा। मांग पूरी नही हुई तो उग्र आंदोलन करेंगे, सड़को पर चक्का जाम करें।

दरअसल भारत सरकार 'हिट एंड रन केस' मामलों को लेकर गंभीर है,ऐसे में सरकार इस कानून को संशोधित करते हुए इसमें सजा का प्रावधान और सख्त करने जा रही है। नए नियमों के मुताबिक हिट ऍंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवरों की सजा को और कड़ा किया जा रहा है। दोष साबित होने के बाद 7 लाख रुपये तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है।

## सियासत : ग्रामीणों के बीच पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, एक दर्जन गांवों का किया सघन दौरा

नगरनार मण्डल के ग्रामीण क्षेत्रों में सघन भ्रमण, ग्रामीणों से चर्चा कर जानी समस्याएं

# ग्रामीण अंचल का विकास मेरी पहली प्राथमिकता : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने सोमवार को नववर्ष के पहले दिन नगरनार मण्डल के करीब एक दर्जन गांव का सघन दौरा किया और ग्रामीणों से सीधे भेंट कर गांव के विकास कार्य सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की। ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचे किरण देव का जगह जगह आत्मीय स्वागत ग्रामीणों ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास पहली प्राथमिकता है। जनसमस्याओं का निदान यथाशीघ्र होगा। रविवार को देर रात राजधानी रायपुर से लौटकर वे विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण में सोमवार को ग्राम करनपुर में मां हिंगलाजिन मंदिर में मत्था टेका व क्षेत्र सहित बस्तर वासियों की सुख समृद्धि के लिये प्रार्थना की। करनपुर में ग्रामवासियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुये और गांव के





विकास कार्योंर् सहित सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने उपनपाल, भेजापदर, नगरनार, कस्तूरी, मारकेल गांव का भ्रमण किया। जहां ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह किरण देव का जोशीला स्वागत किया गया। उन्होंने प्रत्येक गांव की समस्याओं व विकास कार्योंर् की जानकारी ली, महिलाओं युवाओं बुजुगोंर् से सीधे बातचीत कर गांव से जुड़ी व्यवस्थाओं से भी अवगत हुये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है, जनता के विश्वास को पूरा करने निरंतर कार्य होंगे। आप सभी से सीधे मिलकर जनसमस्याओं व विकास कार्योंर् से जुड़ी जानकारी पर बिना अवरोध काम पूरे किये जायेंगे। चुनाव में प्रदेश की जनता से किये गये वायदों को भाजपा सरकार सिलसिलेवार पूरा कर रही है। इस दौरान महामंत्री रामाश्रय सिंह, प्रदीप देवांगन, नगरनार मण्डल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास, मनोहर तिवारी, राधेश्याम पन्द्रे, राजेश श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, रघु सेठिया, दीपक मथरानी, मन्नू चालकी, आशू आचार्य, अभिषेक तिवारी, अनिल सेठिया, महेन्द्र सेठिया, गीता मिश्रा, तिरूपति नागेश, रंजीत सेठिया, चंपा बाई, आशीष दुबे, सिद्धांत श्रीवास्तव, अभिषेक देवांगन, रंजीत सेठिया, महेन्द्र बघेल सहित कार्यकर्ता व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल रहे।

# दादरगढ़ में नया पुलिस सहायता केंद्र स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल/कोण्डागांव

केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत होने वाले अपराधों जैसे आपसी विवाद, कानून व्यवस्था और भा.द.वि एवं अन्य धाराओं में घटित अपराधों के नियंत्रण लाने के साथ साथ केशकाल घाटी में व्यवस्थित आवागमन व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से ग्राम दादरगढ़ स्थित सीआरपीएफ कैम्प परिसर में नवीन पुलिस सहायता केंद्र की स्थापना की गई है।

सोमवार को नव वर्ष के अवसर पर कोंडागांव एसपी वाय. अक्षय कुमार ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों एवं पुलिस स्टाफ की मौजूदगी में पुलिस सहायता केंद्र का विधिवत पूजन एवं फीता काट कर शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के पश्चात पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने रोजनामचा लेखन कार्य का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ग्रामवासियों के लिए पुलिस के द्वारा भोजन की व्यवस्था भी रखी गई थी। इस दौरान एडिशनल एसपी डी.आर पोर्ते, एसडीओपी भूपत सिंह, थाना प्रभारी आनंद सोनी, सीआरपीएफ निरीक्षक विजय यादव, सरपंच समलु कुंजाम, गौतम आँचला, उपसरपंच भोलाराम, धनराज पटेल, रिकेश्वर मरकाम, प्रेमसिंह नेताम, राजेश माग समेत अन्य गणमान्य ग्रामीणजन एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

## शिवालयों में पूजा-अर्चना कर मनाया नए साल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नए साल 2024 की सुबह नई उमंग के साथ हुई हैं। एक जनवरी की नए साल की शुरुवात लोगों ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर की। फ़रसगांव क्षेत्र में लोग सुबह से ही मंदिरों में पूजन और दर्शन के लिए पहुंचे, नगर के सभी मंदिरों में भक्तों को तांता लगा हुआ है। नए साल की शुरुवात सोमवार के दिन से होने के चलते शिवालयों ने लोगो की भीड़ अधिक देखने को मिली, लोग मंदिरों में पूजा कर भगवान से स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की कामना किये।

## कार्य में अनुपस्थित सुकमती को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

क्षमतापुर पशु औषधालय में पदस्थ श्रीमती सुकमती बाई को 8 फरवरी 2022 से लगातार अनुपस्थित रहने के कारण कार्य में उपस्थित होने की अंतिम चेतावनी दी गई है। पशु चिकित्सा सेवायें के उप संचालक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पशु औषाधलय क्षमतापुर में पदस्थ श्रीमती सुकमति बाई लगातार बिना सूचना के अनुपस्थित है। पत्रें के माध्यम से पूर्व सूचना दी गयी है पर उनके द्वारा कोई भी जवाब नहीं दिया गया। उनके लगातार अनुपस्थिति से शासकीय कार्य में आ रहे व्यवधान तथा कार्य के प्रति लापरवाही व अरूचि के कारण इस प्रकार की कृत्य को देखते हुए कार्य में उपस्थित होने के लिए अंतिम चेतावनी दी गई है। कार्य में अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण के रूप में पत्र प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर समयावधि में नहीं दिए जाने पर मूलभूत नियम 18 एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील 1965 नियम (7) अंतर्गत कार्यवाही तथा सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

## डोंगरीगुडा संकुल शाला में मनाया गया नयावर्ष






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्राथमिक शाला डोंगरी गुडा प्रधान अध्यापक श्रीमती दीपिका मसराम एवं अन्य शिक्षकों के साथ मिलकर शाला में मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ महतारी का पुजा अर्चना कर शाला के अध्यन अधयापन का कार्य एवं अन्य कार्य का सफलतापूर्वक संचालन हो, एवं शाला के सभी शिक्षक और बच्चे एवं शाला अन्य परिवार भी खुश रहे स्वस्थ रहें इसकी मंगलकामनाएं कि गयी और माता जी से आशीर्वाद लिया गया एवं चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता कराया गया एवं भजन किया गया और देशभक्ति गीत भी गाया गया इसके साथ हि हमारी सहायक शिक्षिका श्रीमती हुलसी चुरेंद्र मैडम का जन्म दिवस भी मनाया गया इस प्रकार सभी मिलजुल कर नववर्ष मनाये और कार्यक्रम संपन्न किया गया।

## स्वच्छता दीदियों की आरती उतारकर तिलक लगाकर और माला पहनाकर किया सम्मान

**जगदलपुर।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष और डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के पार्षद संजय पांडे ने नमन अभियान के तहत स्वच्छता दीदी और मित्रों का सम्मान अपने निवास स्थान पर किया। सुबह जो घरों से कचरा एकत्र कर उसे गिला और सूखा कचरा के रूप में सेग्रेगेट कर ऑटो में ले जाती है तथा उनके सहयोगी पुरुष को नमन करते हुए, अभियान नमन कार्यक्रम शासन स्तर पर नगर निगम के द्वारा किया गया। स्वच्छता दीदी, मित्र को प्रोत्साहन करने उनका सम्मान करने और जगदलपुर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार करने यह कार्यक्रम किया गया। संजय पांडे ने अपने घर में फूल माला पहनाकर अपने परिवार के साथ उनकी आरती उतार कर और तिलक लगाकर उनका सम्मान किया। आत्मीय पलों के बीच उनको भोजन और मिष्ठान खिलाकर उपहार देते हुए पूरा परिवार और मित्रगण एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि वास्तव में ये नारी नही, नारायणी है। इन्हें कभी वार्ड पार्षद का तो कभी वार्ड जनों का या फिर नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा भी कार्य को लेकर डांट डपट किया जाता है।

## राइस मिलरों ने अयोध्या भेजा एक ट्रक चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

अयोध्या में बने भव्य राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने देश भर से जुटने वाले श्रद्धालुओं के भोजन व्यवस्था में योगदान करते हुए कुरूद एवं धमतरी राइस मिल एशोसिएशन द्वारा एक ट्रक चांवल की व्यवस्था की गई। जिसे विधायक अजय चन्द्राकर ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। ज्ञात हो कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है। जिसमें देशभर से जुटने वाले लोगों के लिए



भंडारा होगा। जिसके लिए विभिन्न संघ, संगठन अपने अपने हिसाब से सहयोग कर रहे हैं। इसी कड़ी में धमतरी और कुरुद राइस मिल एशोसिएशन के द्वारा 30 टन चांवल की व्यवस्था किया गया। चांवल भरे ट्रक को कुरुद साँधा चौक से विधायक अजय चन्द्राकर ने ध्वज लहराकर रवाना किया। इस बारे में एसोसिएशन संरक्षक अनिल चन्द्राकर ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की संस्कृति को पुनः स्थापित करने 22 जनवरी को अयोध्या में महायज्ञ हो रहा है। इस ऐतिहासिक दृश्य को अपने आंखों से देखने पहुंचे लोगों को प्रभू श्रीराम के ननिहाल में उपजा चांवल खिलाने का सौभाग्य हमें मिल रहा है।

## पेज 7 के शेष

### नए साल में श्रद्धालु ...

ने बताया कि वह नए साल पर अपने दिन का शुरूआत परिवार के साथ मंदिर जाकर करते हैं। जिससे वह सुबह-सुबह मंदिर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का दर्शन कर नया साल भी आनंद के साथ गुजरने की मन्नत मांगी और क्षेत्र में सुख शांति की कामना किया। गढ़िया पहाड़ में महासमुंद, बालौद, कोंडागांव व धमतरी जिले से पहुँचे लोगों का कहना था कि उत्तर बस्तर कांकेर की वादियों में घूमने का आनंद ही अलग है, इसलिए नए साल पर गोवा या वाल्टियर जैसे जगहों को छोड़कर उत्तर बस्तर कांकेर भ्रमण करने पहुँचे। जहाँ पर कई खूबसूरत जगह देखने को मिली। यहां के लोगों द्वारा जो सम्मान और प्रेम दिया जाता है, उससे मोहित हो गए है, जिससे हमे दूसरे जगहों की अपेक्षा उत्तर बस्तर सबसे ज्यादा खूबसूरत लगता है और हम यहां नव वर्ष का शुरूआत करने पहुंचे है।

### मदिरा दुकान के ...

दुकान के लॉकर में रखी मदिरा विक्रय की राशि 10 लाख 69 हजार 750 रूपए की चोरी कर ली गई थी। उक्त घटना के दौरान सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गार्ड गोवर्धन नेताम, धनराज बघेल एवं पंकज पटेल को कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर सेवा से पृथक किया जाकर बैल्क लिस्टेड किया गया है। इसी प्रकार विदेशी मदिरा दुकान के कर्मचारी ईगेश्वर साहू, राकेश मांझी, योगेश्वर सिन्हा, पेवेन्द्र साहू और देवकरण जुर्री तथा देशी मदिरा दुकान के कर्मचारी आशाराम यादव, कामेन्द्र सिंह, सुशिल पासवान, माधव राम और झुमुक सोनी को भी सेवा से पृथक कर सभी को ब्लैक लिस्टेड किया गया है।

## तस्करों के कब्जे से चारपहिया वाहन, मोबाइल व नकद भी बरामद

# 30 हजार का नशीला सीरप जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नशे के खिलाफ बस्तर पुलिस द्वारा चलाई जा रही मुहिम के तहत कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने तीन तस्करों को हजारों रूपए के नशीली सीरप के साथ गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से सीरप के अलावा चारपहिया वाहन, मोबाईल व नगद भी बरामद किया गया है।

- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, भेजा गया जेल

सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि तस्करों को कोतवाली थाना क्षेत्र के आमागुडा चौक व ग्राम हाटगुडा में तस्करी करते पकड़ा गया है। तस्करों के कब्जे से 2 सौ नग प्रतिबंधित अवैध नशीली सीरप बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत 29 हजार 850 रूपए है। वहीं इनके कब्जे से क्रेटा वाहन क्रमांक सीजी 17 केजे 8489, दो मोबाईल व नगद 6 सौ रूपए जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत सिटी कोतवाली में मामला दर्ज कर आरोपी अमन बघेल 18 वर्ष निवासी सनसिटी अटल आवास, अभिषेक जैन 38 साल निवासी सदर वार्ड व सचिन उपाध्याय 37 साल निवासी सांई कालोनी दलपत सागर वार्ड शामिल है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम हाटगुडा में एक व्यक्ति अपने पास अवैध दवाई सीरप तथा आमागुडा चौक मेन रोड में एक लाल रंग के क्रेटा वाहन में सवार दो व्यक्ति अवैध रूप से नशीली सीरप काफी मात्रा में रखकर बिक्री के लिए तस्करी कर रहे है। सूचना पर एसएसपी जितेन्द्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन व एएसपी महेश्वर नाग, सीएसपी विकास कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में अलग-अलग टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम द्वारा घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायायल में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर व सुरेश जांगड़े के अलावा एसआई प्रमोद ठाकुर, सुर्यकांत तिवारी, एएसआई भुनेश्वर पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अनंत बघेल, उमेश चंदेल, कोमश्वर बघेल, आरक्षक भूपेन्द्र नेताम, रवि सरदार, युवराज सिंह, भीगु कश्यप, नकुल नुरेटी व विनोद खेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





# सरपंच एवं सचिव को हटाने हड़ताल पर बैठे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

ग्राम पंचायत बड़ेधाराऊर के सरपंच एवं सचिव के विरुद्ध ग्राम पंचायत के आम जनता हड़ताल में उतर गई है।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत बड़े धाराऊर के विकास के लिए शासन के द्वारा प्राप्त राशि को सरपंच एवं सचिव के द्वारा अवैध रूप से राशि निकाल कर गबन किया गया है। ग्रामीणजनों की मांग है कि शासन के द्वारा ग्राम पंचायत के कार्य स्थल में पहुंच कर ग्रामीणजनों के सामने ही जांच कर संतुष्ट करे यदि सरपंच व सचिव के द्वारा अनियमितता व भ्रष्ट पाये जाने पर सम्बन्धितों को कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जावे तथा गबन की राशि को भरपाई कराई जावे।

हड़ताल में मुख्य रूप से बुधराम बघेल, तुलसी दास बघेल, रामदास यादव, गुनुसिंह ठाकुर, रामदिनू कश्यप, लाला रामकर, नारायण कुटारे, कमल पटेल, खगेश्वर, जगदीश मदेशिया, सुकरु राम, राजमनी बघेल समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

अभियान : स्वच्छता अभियान को लेकर बीजापुर जिले में विशेष पहल

# उसूर, भैरमगढ़ और भोपालपटनम के 19 आंगनबाड़ी केन्द्र बनेंगे निर्मल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने जिला मुख्यालय के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्मल आँगन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निर्मल आंगन कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के लिए अच्छा वातावरण तैयार करना, आंगनबाड़ी को साफ-सुथरा रखना, दिवारों पर बालापेंटिंग, अक्षर ज्ञान के साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र पर आने वाली गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को संतुलित आहार की जानकारी देना है। बीजापुर एवं भैरमगढ़ ब्लाक के चयनित 19 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर यह कार्यक्रम पायलेट तौर पर संचालित किया गया। अब यह कार्यक्रम प्रथम चरण पर जिले के बीजापुर ब्लाक के समस्त आंगनबाड़ी में चलाया जाएगा एवं द्वितीय चरण में उसूर, भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम के आंगनबाड़ी में शुरू की जाएगी। जिसका शुभांरभ कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने नव वर्ष पर किया।

■ कलेक्टर ने आंगनबाड़ी को निर्मल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को दिलाया संकल्प



कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गुदमा की सरपंच श्रीमती शशिकांता सुरठी ने बताया कि गांव के पांच आंगनबाड़ी केन्द्रों में निर्मल आँगन के तहत आंगनबाड़ी को सुसज्जित रखने के लिए पोस्टर सजाए साथ ही स्वच्छता के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामिणों को हितग्राहियों का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। गांधीफेलो की टीम ने सभी आंगनबाड़ियों को व्यवस्थित रखने के साथ ही स्वच्छता, शिक्षा, बच्चों की मानसिक और शारीरिक विकास के लिए जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, पंचायत के सदस्य, बीजादूतीर स्वयंसेवकों के द्वारा मुख्य भूमिका निभाई जाएगी, जो अपनी ग्राम पंचायत के केंद्रों को निर्मल बनाने में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम है और सभी नागरिकों को इसमें सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारी लूपेन्द्र महिनाग, राहुल कौशिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित पिरामल फाउंडेशन के सदस्य, बीजादूतीर स्वयंसेवकों, पीएल मांशु शुक्ला, और गांधी फेलो सहित 200 से भी ज्यादा लोग उपस्थित थे।

# सभी की खुशहाली और बस्तर में अमन चैन की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



मसीह समाज लाल चर्च के प्रवक्ता रत्नेश बेंजामिन ने बताया कि 31 दिसंबर की रात को बीते वर्ष भर जो प्रभु ने हमको आशीष दी थी हरेक प्रकार की दुर्घटना, परेशानी, मुसीबत, विपत्ति, लाचारी से बचाया उसकी गवाही देने के लिए लाल चर्च की वॉच नाइट की आराधना रात्रि 9 बजे प्रारंभ हुई।

■ लाल चर्च में मध्यरात्रि मनाया गया नववर्ष

समाज के लोगों ने 2023 में ईश्वर ने जो हिफाजत की उसकी गवाही के माध्यम से बयां किया। कौन-कौन सी दुर्घटना परेशानी से बचाया उसकी गवाही चर्च के अंदर दी और बताया कि किस रूप से यीशु मसीह ने हमारी रक्षा रखवाली हिफाजत की। रात्रि 12 बजे रेव्ह डॉ. एस सुना ने अंतिम वर्ष के दिन एवं नए साल का स्वागत करते हुए प्रार्थनाओं में सब की हिफाजत रक्षा रखवाली के लिए इस नए वर्ष में सबको उत्तम रीति से स्वस्थ एंव सकुशल बचाए रखने के लिए प्रभु से प्रार्थना की। उसके पश्चात चर्च परिसर में नए साल का केक चर्च सदस्यों के साथ काटा गया और केक खिलाकर एक दूसरे को नए वर्ष की बधाई दी गई। नये साल की आराधना चर्च भवन में की गई। आराधना का संचालन डॉ रेव्ह एस सुना ने किया। आज के वक्ता रेव्ह लॉरेंस दास थे। उन्होंने नए वर्ष में बस्तर, छत्तीसगढ़ के लिए अमन चैन की दुआ मांगी।

# सिविक एक्शन प्रोग्राम के जरिए नक्सल क्षेत्रों के ग्रामीणों का विश्वास जीत रही सीआरपीएफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

195 बटालियन केरिपुबल के द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। सीआरपीएफ के जवान ग्रामीणों से आपसी तालमेल बनाने और ग्रामीणों का सुरक्षा बल के जवानों के प्रति विश्वास जीतने के लिए सीआरपीएफ के द्वारा ग्रामीणों को आवश्यक सामग्रियों उनके दैनिक उपयोगी सामानों का वितरण किया जा रहा है।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 195 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा गीदम ब्लॉक के इंद्रावती नदी पार के ग्राम-छिन्दनार एवं बड़ेकरका में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गीदम ब्लॉक के इंद्रावती नदी पार के ग्राम छिन्दनार, पहुरनार, मुस्तलनार, चेरपाल, बडेकरका, छोटेकरका, पदमेटा एवं कोरलापाल के काफी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे सम्मिलित हुए।



ग्रामीणों को सोलर लैम्प, सोलर स्ट्रीट लाईट, वाटर स्टोरेज टैंक, कम्बल, मच्छरदानी, छाता, फावड़ा व खेती करने का सामान एवं बच्चों को अध्यन व खेल-कूद सामाग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को देश और क्षेत्र के विकास योजनाओं की ताजा हालात से रूबरू कराने एवं भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभान्वित योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के मुख्य धारा से भटके युवाओं को मुख्य धारा में लाने एवं हिंसा छोड़ शान्ति और विकास के रास्ते पर चलने के लिये ग्रामीणों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुभाष चंद प्रसाद, द्वितीय कमान अधिकारी 195 बटालियन द्वारा ग्रामीणों तथा नवयुवको को हिंसा का मार्ग छोडकर मुख्य धारा से जुड़ने तथा भारत सरकार द्वारा चलाये जा रही योजनाओं से लाभान्वित होने के बारे में जागरूक किया गया। सिविक एक्शन कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सराहनीय रही तथा ग्रामीणों ने मौके पर उपस्थित सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानो के कार्य के प्रति सराहना की।

195 बटालियन के जगदेव सिंह यादव, सतीश सांगवान उप कमा, अशोक सिंह तोमर सहा कमा एवं हिमांशु सहा कमा के साथ बटालियन के कई जवान भी उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव आज दंतेवाड़ा प्रवास पर

**दंतेवाड़ा।** भाजपा जिला महामंत्री दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता ने बताया की भाजपा छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक आज अपने दंतेवाड़ा प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष व विधायक बनने के पश्चात किरण देव का मां दंतेश्वरी के पावन धरा दंतेवाड़ा में प्रथम आगमन हो रहा है। इसी तारतम्य में ऐतिहासिक स्वागत के लिये संगठन ने पूरी तैयारी कर ली है। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का एजुकेशन सिटी जावंगा गीदम से लेकर जय स्तम्भ चौक दंतेवाड़ा तक जगह-जगह भव्य स्वागत किया जायेगा। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष किरण देव बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि के लिये पूजा अर्चना करेंगे। गुप्ता ने कहा की हम सभी दंतेवाड़ा के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिये ये हर्ष और गौरव का विषय है क्योकि किरण देव बस्तर से है और दंतेवाड़ा के कार्यकर्ताओं से प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का आत्मीय नाता रहा है। वे लगातार संगठन में विभिन्न दायित्वों पर रहते हुए कार्य कर चुके है। इसलिये किरण देव के प्रदेश अध्यक्ष बनने से निश्चित तौर पर संगठन को और अधिक संबल प्राप्त हुआ है, जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा छत्तीसगढ़ की 11 में से 11 सीटे जीतकर मोदी को केंद्र में पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बना कर भेजेगी।



किरण देव

# हसदेव व बैलाडीला के नंदी राज पहाड़ पर वृक्षों की कटाई पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर प्रकृति बचाओ समिति के जनक व पर्यावरणविद् स्व. शरद चंद्र वर्मा के द्वारा 43 वर्ष पूर्व पर्यावरण के नुकसान व मानव जीवन पर इसका असर पर गहरी सोच के साथ समिति की स्थापना 1980 में किया गया। स्थापना दिवस तितिरगांव (कालीपुर) में आयोजित किया गया। फाउंडर मेंबर ने पर्यावरण संरक्षण के विषय पर सुझाव के साथ वार्षिक कैलेंडर अनुसार क्रियान्वयन करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर हसदेव बचाओ व बैलाडीला के नंदी राज पहाड़ पर वृक्षों की कटाई पर चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र उच्च अधिकारियों को प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। बस्तर में नगरनार एनएमडीसी स्टील प्लांट के निर्माण से क्षेत्र का तापमान भविष्य में निश्चित रूप से वृद्धि होना स्वाभाविक है। इसके लिए शहर के आसपास व ग्रामीण क्षेत्र में खाली पड़े जमीन पर वृहद वृक्षारोपण पर चर्चा किया गया। पौधरोपण के लिए सीएसआर व खनिज न्यास निधि मद से संबंधित विभाग से योगदान लेने पर चर्चा किया गया। वरिष्ठ फाउंडर मेंबर विमला वर्मा, मुकेश सोनी, बीएनआर नायडू, देवव्रत बराल, जगदीश चंद्र दास, दशरथ कश्यप, मदन आचार्य, शांति सलाम, अनीता राज, वीसी नागे, पीसी जोशी, डॉ वीरेंद्र चंद्राकर, पूर्णिमा देहारी पीजी राव उमेशचंद्र पाणीग्राही ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर समिति के नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष दशरथ कश्यप, उपाध्यक्ष पीजी राव, सचिव मदन आचार्य और सहसचिव में विवेक श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मुकेश सोनी को सम्मलित किया गया। इस अवसर पर नए सदस्य साधना चंद्राकर, उमाशंकर पांडा, पुष्पा सिंह एवं एवं अन्य लोगों ने सदस्यता ग्रहण किये। स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के पौधे बरगद, पीपल, नीम, आम, बादाम व अन्य प्रकार के पौधे रोपित किए गए। इस दौरान उर्मिला आचार्य, सविता जोशी, सुषमा कश्यप, नम्रता श्रीवास्तव, उमेश पाणिग्रही, विद्योत्तमा आचार्य, जोगेश्वरी आचार्य, उमेश चंद्र आचार्य, महेश कुमार सेठिया, डॉ. हितेंद्र सिंह, हरबंधु पाणिग्रही, कौशिक शुक्ल, कुमारी वंशिका श्रीवास्तव एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# योगेश आदित्यवाहनी व गीता आनंदवाहनी की अध्यक्ष मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग के नेतृत्व में संचालित आदित्यवाहिनी-आनंदवाहिनी का विस्तार समग्र भारत वर्ष में देखने को मिलता है। वहीं बस्तर संभाग में भी इस संगठन को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे है।

■ पंडित संतोष व अलका को सचिव का दायित्व

रविवार को संगठन का विस्तार किया गया। सनातन धर्म के वास्तविकता से लोगों को अवगत कराना एवं सर्वलोक सुखाय, सर्वलोक हिताय के संकल्प से निरंतर आगे बढ़ना इसकी प्राथमिकता पर जोर दिया गया। जिला संगठन का विस्तार स्थानीय बालाजी मंदिर कल्याण मण्डपम में आदित्यवाहनी के संभागीय अध्यक्ष अनिल सामंत के मार्गदर्शन में संगठनात्मक बैठक किया गया। साथ ही आदित्यवाहनी व आनंदवाहिनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार कर नए पदाधिकारी नियुक्त किए गए। आनंदवाहनी जिलाध्यक्ष का दायित्व गीता शुक्ला को सौंपा गया। उन्हें वार्ड और ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी विस्तार के लिए कहा गया। आनंदवाहनी जिला उपाध्यक्ष के रूप में सतरूपा मिश्रा, शिखा सामन्त, शिखा घोष व हेमलता नामदेव को सम्मलित किया गया है। जबकि सचिव में अलका सेंगर और सह सचिव में रजनी गुप्ता, अंजू पांडे, किरण दीवान और प्रियंका सिंग को जवाबदारी दी गई। जबकि जिला कोष प्रमुख का दायित्व बबली शुक्ला को और रेखा जायसवाल को उप कोष प्रमुख, पूजा ठाकुर को सह कोष प्रमुख नियुक्त किया गया। मीडिया प्रमुख में वंदना शुक्ला और संवाद प्रमुख में सीमा गठानी को दायित्व सौंपा गया है। संरक्षिका डॉ सुषमा झा, बिना दुबे, वंदना भदौरिया व शांति यादव को सम्मलित किया गया है।







### योगेश को आदित्यवाहनी का प्रभार

अदित्यवाहिनी जिला कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष पद पर योगेश ठाकुर को जवाबदारी सौंपते उन्हें वार्ड और ब्लॉक वार संगठन का विस्तार करने कहा गया है। जबकि 4 उपाध्यक्ष में प्रवीर द्विवेदी, संतोष बाजपई, अभय दीक्षित और राकेश साहू नियुक्त किए गए। कोष प्रमुख में एल गुप्तेश्वर राव सोनी, कार्यक्रम प्रमुख में संजय गुप्ता, सांस्कृतिक प्रमुख में चंदन तिवारी, प्रचार प्रमुख संरक्षक में रामनरेश पांडे और बनमाली पाणीग्राही को जवाबदारी दी गई। जबकि जिला कार्यकारिणी सदस्यों में आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी, योगेश शुक्ला, राकेश रथ, दृशान चक्रवर्ती, महेश दास पट्टजोशी, मुकेश दीवान, पंकज मिश्रा और संतोष पांडे को सम्मलित किया गया है।

### अच्युत युवा आदित्यवाहनी जिलाध्यक्ष

युवा आदित्यवाहनी का जिलाध्यक्ष में अच्युत सामंत को दायित्व सौंपा गया है। साथ ही उन्हें जिला कार्यकारिणी विस्तार के लिए निर्देश दिए गए। खासकर युवा आदित्यवाहनी का हर वार्ड और ब्लॉक स्तर में गठन करने की जवाबदारी युवा आदित्यवाहनी को करना है।

# लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत साझा की अपनी कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन सोमवार को जिले के दस ग्राम पंचायत बस्तर विकासखंड के सितलावण्ड और पिपलावण्ड, जगदलपुर विकासखंड के परपा, पण्डरीपानी-2, विकासखंड लोहंडीगुड़ा के कस्तुरपाल, कुथर विकासखंड दरभा के कोटमसर, टोपर विकासखंड बकावंड के राजनगर-2, मुली में पहुंचकर शासकीय योजनाओं की जानकारी देने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलवाई। संकल्प यात्रा शिविर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामों को ओडीएफ और स्वच्छता के लिए प्रमाण पत्र भी दिए। साथ ही पंचायत को शत-प्रतिशत डिजिटल भू अभिलेखीकरण का प्रमाण पत्र और पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। जिले में आयोजित संकल्प यात्रा शिविर में अब तक 67 हजार 572 ग्रामीणों की उपस्थिति दर्ज की गई है। ग्रामीणों की उपस्थिति में राजस्व, खाद्य, कृषि, स्वास्थ्य, पशुधन विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। स्कूली बच्चों के द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। संकल्प यात्रा में 31 दिसम्बर तक आयोजित शिविरों में योजनाओं से लाभान्वित 2891 हितग्राहियों ने उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से ग्रामीणों के साथ साझा की। इस दौरान कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। वहीं इन योजनाओं से चयनित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही दवाई वितरित की गई। 31 दिसम्बर तक आयोजित संकल्प शिविर में 53 हजार 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक ने प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में किसानों को जानकारी दी गई। इस दौरान जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### तहसीलपारा में रंगमंच का हुआ भूमिपूजन

**भानुप्रतापपुर।** नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा वार्ड क्रमांक 04 तहसीलपारा में रंगमंच के लिए सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी एवं उपाध्यक्ष कमलेश गावड़े ने भूमिपूजन किया गया। चंद्र कुमार कटझरे पार्षद ने जानकारी देते हुए बताया कि नवदुर्गा उत्सव समिति ने निर्णय लेते हुए चंदा के शेष राशि का उपयोग करते हुए रंगमंच से लगे हुए खाली भूमि पर अतिरिक्त रंगमंच निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। वर्तमान में जो राशि है, उसमें पिन्थलेबल तक कार्य किया जाना है। इस अवसर पर वार्डवासी उपस्थित रहे।

### कम्प्यूटर कौशल परीक्षा के लिए टायपिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** रोजगार सह मार्गदर्शन केंद्र आड़ावाल द्वारा जिले के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए टायपिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदक जो किसी भी प्रतियोगी परीक्षा सहायक ग्रेड-3 एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद के लिए आवेदन कर रहे है उन प्रतिभागियों को हिन्दी-अंग्रेजी टायपिंग प्रशिक्षण के लिए अध्यापन सह मार्गदर्शन केंद्र आड़ावाल कार्यालयीन दिवस में प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे के मध्य संपर्क कर सकते हैं।

### फुटबाल खिलाड़ी अरुण डे को दी गई श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** सिटी ग्राउंड में विभिन्न फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी, जिला फुटबॉल संघ के सदस्य, पूर्व खिलाड़ी एवं यंग स्टार क्लब के सदस्यों ने अरूण डे को श्रद्धांजलि दी। बस्तर के रैफरी प्रमुख रूपक मुखर्जी ने अरुण डे के फुटबॉल की उपलब्धि के बारे में जानकारी दी एवं कई अन्य सीनियर खिलाड़ी भी विचार व्यक्त किए। दो मिनट मौन रख कर उनके आत्मा एवं परिवार के सदस्यों को ईश्वर से शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। सभा में अरुण डे के मामा नारायण दास उपस्थित थे। परिवार में पिता रूपन डे एवं माता अंजना डे के एकमात्र पुत्र अरुण डे धरमपुरा के निवासी थे और पिछले वर्ष ही विवाह हुआ था। उनके धर्मपत्नी और सात महीना की बेटी को छोड़कर स्वर्गवास हो गए। ज्ञात हो कि सड़क दुर्घटना में फुटबाल खिलाड़ी अरूण डे की मौत हो गई थी।

### माचकोट जंगल के गणेश बहार में नया साल मनाने पहुंचे लोग

**जगदलपुर ।** बस्तर वनांचल में कई ऐसे स्थल हैं जहां लोग सपरिवार पहुंचकर प्रकृति के बीच पूरा दिन बीता सकते हैं। लेकिन इसके लिए प्रशासन को इन स्थलों तक पहुंचने के लिए सड़क और अन्य सुविधाएं बेहतर करनी होगी। नया साल का जश्न मनाने लोगों ने माचकोट जंगल के गणेश बहार पहुंचकर परिवार के साथ खुशी के पल बांटे। कई लोग सपरिवार पहुंचे थे वहीं कई ऐसे लोग भी थे जो मस्ती के मुड में युवाओं के साथ नाच गाने में मशगूल दिखे। गणेश बहार शहर से लगभग 20-22 किमी दूर घने जंगल के बीच बसा है। कुरंदी से आगे लगभग 10 किमी का मार्ग में घना जंगल है। सड़क जर्जर होने से लोगों को पहुंचने में परेशानी होती है लेकिन वहां पहुंचकर हरे भरे वातावरण के बीच सुकून और शांति का आभास होता है। वन विभाग की ओर से गणेश बहार में लोगों के लिए चबुतरा, शेड और अन्य व्यवस्थाएं की गई है ताकि लोग वहां परिवार के साथ पहुंचकर भोजन आदि बनाकर दिनभर बीता सकें। वहां हैण्डपंप है पेयजल की व्यवस्था है, बस परेशानी है तो सड़क की।

# नए परिवहन नियमों का किया विरोध, बस ड्राइवरों ने की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ प्रधानमंत्री से कानून वापस लेने की मांग

देश में लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं। भानुप्रतापपुर में बस स्टैंड पर तमाम बस सेवाएं बंद होने से यात्रियों को बेहद परेशान होना पड़ा।

यात्रियों का कहना है कि हड़ताल होने के बाद बहुत परेशानी है। आसपास के लोग तो जैसे तैसे आ जा सके पर दूर जाने वाले यात्रियों के लिए मुसीबत बन गई। वहीं क्षेत्र के लौह अयस्क माइंस में भी परिवहन कार्य प्रभावित रहा।

दरअसल केंद्र सरकार ने हिट एंड रन केस में 10 साल की सजा और सात लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान किया है, जिसके विरोध में तमाम बस और ट्रक चालकों ने हड़ताल कर दी है। उनका कहना है कि इस तरह के कानून ड्राइवरों के हित में नहीं है। उन्होंने कानून को वापस लेने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है।

**हिट एंड रन क़ानून का विरोध**



**क्या कहता है हिट-एंड-रन कानून?**

भारतीय न्याय संहिता के तहत हिट-एंड-रन मामले के नए प्रावधानों के मुताबिक, अगर कोई आरोपी ड्राइवर सड़क हादसे के बाद अधिकारियों को सूचना दिए बिना दुर्घटना स्थल से भाग जाता है तो उसे 10 साल की जेल की सजा काटनी पड़ेगी। साथ ही साथ जुर्माना भी भुगतना पड़ सकता है। नए कानून को दो श्रेणियों में रखा गया है. पहला, 'लापरवाही से मौत का कारण', अगर कोई आरोपी ड्राइवर मौत का कारण बनता है तो वह गैर इरादतन हत्या नहीं है। उसे अधिकतम पांच साल की जेल की सजा के साथ-साथ जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। दूसरा, कोई ड्राइवर लापरवाही या असावधानी से गाड़ी चलाकर किसी की मौत का कारण बनता है और भाग जाता है। साथ ही घटना के बाद किसी पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को घटना की रिपोर्ट नहीं करता है, तो उसे जुर्माना के साथ-साथ दस साल तक की जेल का सामना करना पड़ेगा। मौजूदा समय में पहचान के बाद हिट-एंड-रन मामलों के आरोपियों पर धारा 304 ए के तहत मुकदमा चलाया जाता है, जिसमें अधिकतम दो साल की जेल की सजा होती है।

## कार्यक्रम : कलेक्टर ने दिया निराकरण का आश्वासन

# ई-जनदर्शन में ग्रामीणों ने मांग एवं समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ श्रमिकों को यथावत रखने की भी आई मांग



कलेक्टर ई-जनदर्शन में जिले के आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला से मुलाकात की। प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया।

एनआईसी कक्ष में 1 जनवरी की सुबह 11 बजे से आयोजित ई-जनदर्शन में विकासखण्ड पखांजूर के ग्राम नवीनपल्ली के ग्रामीणों ने नवीन राजस्व ग्राम की अधिसूचना व राजपत्र के प्रकाशन में प्रगति लाने की मांग की। इसी तरह ग्राम माकड़ीखूना निवासी रघुनाथ नरेटी ने जमीन विवाद का निराकरण करने, जनकपुर वार्ड के पार्षद नरेश बिछिया ने आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने, टिकरापारा कांकेर निवासी नीरज पाण्डेय ने आर्थिक सहायता प्रदाय करने एवं आवास की मांग किया। कंकालिनपारा वार्ड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बीएलओ कार्य के लिए उन्हें अवसर प्रदान करने की मांग किया। इस पर कलेक्टर ने आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही करने टीप लिखकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी को अग्रेषित किया। आवेदक मुकेश कोसरे, प्रीतम मंडावी और काशीराम सिन्हा ने विश्राम गृह चारामा में अस्थाई व अकुशल श्रमिकों को यथावत रखे जाने की मांग क। उन्होंने बताया कि कुछ माह पूर्व संबंधित अधिकारी द्वारा मौखिक आदेश पर किया, उक्त कार्य से हटा दिया गया है। कलेक्टर ने आवश्यक कार्यवाही के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को आवेदन अग्रेषित किया।

इसी प्रकार पखांजूर के लक्ष्मीपुर पीव्ही 73 के आवेदक प्राणतोष सरकार ने अपनी निजी भूमि पर 200 नग लाल चंदन के वृक्ष रोपने हेतु शासन से अनुदान राशि की मांग की। गोविन्दपुर वार्ड की मिथिला राठौर ने पटवारी द्वारा गलत नक्शा तैयार करने की शिकायत करते हुए इसमें सुधार करने मांग किया। कांकेर के ग्राम रावस के शासकीय हाई स्कूल से सेवानिवृत्त व्याख्याता छबिलाल जैन ने जीपीएफ एवं वेतन निर्धारण की राशि अब तक नहीं मिलने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने प्रकरण का परीक्षण कराने जिला कोषालय अधिकारी को आवेदन पर टीप लिखकर अग्रेषित किया। स्थानीय भंडारीपारा के आवेदक बेनूराम पटेल ने मकान की क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम धौंराभाठा निवासी छबिला नेताम ने आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राशि स्वीकृत करने की मांग की। उन्होंने बताया कि उनके पति के मृत्यु करंट की चपेट में आने से हो गई थी। पति के मृत्यु के उपरांत परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है। इस पर कलेक्टर ने नियमानुसार प्रकरण का परीक्षण कर आगे की कार्यवाही करने तहसीलदार नरहरपुर को निर्देशित किया। नरहरपुर के वार्ड क्रमांक-14 की आवेदिका कुमारी अंजली नेताम, लालिमा नेताम और हर्ष नेताम ने पिता का वेतन विभाजन कर प्रतिमाह राशि दिलाने की मांग की। नरहरपुर के ही वार्ड क्रमांक-12 निवासी शांति नेताम ने पैतृक संपत्ति का हिस्सा दिलाने की मांग की।

इसके अलावा पखांजूर के ग्राम पंचायत पुरूषोत्तमनगर पीव्ही 40 की अपर्णा गोलदार ने पति की मृत्यु उपरांत अनुकंपा नियुक्ति की मांग किया। इस पर कलेक्टर ने उक्त प्रकरण मध्यप्रदेश सिवनी जिले से संबंधित होने की बात बताते हुए आवेदन संबंधित जिले से करने की सलाह दिया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के मांगों एवं समस्याओं को लेकर जिले के आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। ई-जनदर्शन में एसडीएम कांकेर मनीष साहू सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## शिक्षिका राजेश्वरी को मिली पीएचडी की उपाधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

शासकीय जनपद प्राथमिक शाला जैसाकर्रा में शिक्षिका राजेश्वरी रमाशंकर सिन्हा को दीक्षांत समारोह मुंबई में संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी से डॉक्टर ऑफ फिलासफी पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर सुधीर सावंत, पूर्व संसद सदस्य सोल्जर फैट के अध्यक्ष मुंबई आचार्य रतनलाल सोनगरा प्रख्यात लेखक एवं मुख्य सलाहकार एसएसए इंडिया डॉ. नंदकुमार राऊत अवर सचिव मंत्रालय मुंबई, सम्मानित अतिथि एमआर, अर्जुन यादव फिल्म अभिनेता एवं डायरेक्टर मुंबई, डॉ. स्नेहा देशपांडे सामाजिक कार्यकर्ता, डॉ. संदेश शिरसाथ प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट सदस्य बाल कल्याण समिति मुंबई, राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएस टांडेकर एसएसए भारत के द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पूर्व राजेश्वरी रमाशंकर सिन्हा को 11 मार्च 2018 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उसके बाद 9 दिसंबर 2018 को दिल्ली में शिक्षा रत्नश सावित्री बाई फुले राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। वही 27 मई 2018 को नागपुर में शिक्षा रत्नश डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया है और 9 जून 2019 को सिक्किम की राजधानी गंगटोक में राष्ट्र के गौरवश इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। 22 दिसंबर 2022 को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। राज्य पुरस्कार एक राष्ट्रीय पुरस्कार दो अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार दो कई जिलों और कई राज्य में सम्मानित हुई है।

## प्रसिद्ध कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत की दी बेहतरीन प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

31 दिसंबर की संध्या को देश के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत के कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। शौर्य भवन में देर रात तक चले कार्यक्रम में वादन और गायन के माध्यम से ऐसा समा बांधा कि श्रोता अंत तक सुनने को लालायित रहे। मथुरा से पधारे अंकित पारिख ने पखावज का कर्णप्रिय वादन किया, लखनऊ से पधारे बनारस घराने के डॉ प्रवीण मिश्रा ने अपने गायन से सबका मन मोह लिया और बनारस से पधारे आनंद कुमार मिश्रा ने सितार की धुन छेड़ी तो पूरा सभागार स्वरलहरियों में गोता खा रहा था। स्वरागिनी संस्था द्वारा शास्त्रीय संगीत के आयोजन की कड़ी में यह तीसरे वर्ष का आयोजन था। ज्ञात हो कि तीन वर्षोंर् से शास्त्रीय संगीत के श्रोताओं के लिए लगातार इसका आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात आयोजक मंडल की ओर से आमंत्रित कलाकारों व स्थानीय कलाकारों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., सीसीएफ दुग्गा, डीएफओ धम्मशील, एम.ए. रहीम सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण व स्वरागिनी के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में पहले स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी जिसमें डा. ज्योति लागू व राजकुमार डोंगरे ने गायन, मनीष मिश्रा, भोजराज आचार्य व देवेश्वर साहा ने तबला वादन तथा बलराम साबड़े ने सितार वादन किया।

## फिल्म निर्माण और निर्देशन के क्षेत्र में चारामा की बनी पहचान



**चारामा।** बालीवुड और छालीवुड इन्ट्रीज में नगर के कलाकारों, संगीतकारों ने पहले ही अपनी पहचान बना ली है, अब चारामा की पहचान फिल्म निर्माता और निर्देशक के रूप में होने लगी है। ओम दर्शन फिल्म की प्रस्तुति छग फिल्म तोर बिना संगवारी के गाने तोर बिना संगवारी का प्रमोशन नगर चारामा के विश्राम गृह में 1 जनवरी नए वर्ष के पहले दिन किया गया।

फिल्म के निर्माता ओम प्रकाश जैन नगर चारामा और तॉसी ग्राम के निवासी है और सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी व साहित्यकार है। प्रमोशन नप के पूर्व उपाध्यक्ष नंद कुमार ओझा, सेवानिवृत्त शिक्षक किशन लाल ठाकुर, दीपक सोनकर, विजय तिवारी, सुभाष सोनकर, अर्जुन देवांगन की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। निर्माता निर्देशक ओम प्रकाश जैन ने बताया कि इस फिल्म की कहानी एक शिक्षक और गरीब घर की लड़की के प्रेम कहानी पर आधारित है।

## नरहरपुर क्षेत्र के पत्रकारों ने विधायक से की मुलाकात



**दुधावा।** विधानसभा क्षेत्र कांकेर के नवनिर्वाचित विधायक आशाराम नेताम को नरहरपुर ब्लाक प्रेस क्लब की ओर से शाल श्रीफल भेंट कर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत विधायक ने कहा कि मैं विधायक अब बना हूं, पत्रकार पहले से मेरे दिल में बसते हैं। प्रेस की सभी समस्याओं का समाधान अब मेरी गारंटी है। उन्होंने कहा कि राज्य के निर्माण में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक साहू, सचिव दीनदयाल साहू, उपाध्यक्ष द्वय चन्द्रभान साहू एवं विनोद साहू, कोषाध्यक्ष मोहित रजक, संरक्षक विवेकदास मानिकपुरी, इंद्रभान साहू, मन्नुराम गावड़े, प्रवीण उइके, पृथ्वी रामटेके सहित ब्लाक पत्रकार संघ के सदस्य उपथित रहे।

## बच्चों ने ध्यान एवं प्रार्थना कर एकता एवं शांति की कामना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में छात्र-छात्राओं ने नववर्ष के प्रथम दिन की शुरूआत योग अभ्यास ध्यान, विभिन्न खेलकूद एवं अन्य क्रिया कलापों में भाग लेकर किया। योग एवं ध्यान शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है। बिना योग एवं ध्यान व शारीरिक क्रियाकलाप के बिना सम्पूर्ण शिक्षा नहीं प्रदान किया जा सकता है।

स्कूल परिसर में सभी छात्र-छात्राओं के लिए योग अभ्यास एवं ध्यान का कालखण्ड रखा गया, जिसमें खेल शिक्षक रामेश्वरी साहू एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा, ताड़ासन, त्रियकताड़ासन, कटी चक्रासन, सूर्य नमस्कार, पवनमुक्तासन के अलावा ध्यान का अभ्यास किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने योग एवं ध्यान का अभ्यास कर नए वर्ष में अच्छे अध्ययन अध्यापन कर अच्छी आदतों को अपनाने और अपनी कमियों को दूर करते हुए समाज कल्याण एवं सम्पूर्ण विश्व की एकता एवं शांति स्थापित करने का प्रण लिया। वर्ष के प्रथम दिवस पर बच्चों ने अपने सभी विषयों के पाठ्यक्रम का अध्ययन किया। प्रायोगिक कार्य का अभ्यास किया इसके साथ ही बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर वर्ष के प्रथम दिवस को उत्तम एवं अविस्मरणीय बनाया। सम्पूर्ण गतिविधि एवं अध्ययन अध्यापन एवं प्रायोगिक कार्य संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है।




## प्रसाद का किया गया वितरण

# 2023 की विदाई तथा 2024 की स्वागत बेला पर बाबा रामदेव मंदिर में की गई महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बाबा रामदेव मंदिर में 2023 की विदाई तथा 2024 के स्वागत यानी 31 दिसंबर की रात 12 बजे महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु उपस्थित हुए। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सभी ने एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी।

पुराना कम्यूनिटी हाल के पास 28 जनवरी 2023 को बाबा रामदेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इसके बाद से लगातार मंदिर में धार्मिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है। मंदिर समिति ने साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर की रात 12 बजे महा आरती का आयोजन किया और रात 11 बजे से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का जुटना शुरू हो गया था। महा आरती के लिए 108 बत्ती वाला विशेष दीपक प्रज्वलित किया गया था। बाबा रामदेव के अलावा मंदिर में स्थापित अन्य देवी देवताओं राम दरबार, माता दुर्गा, राधा कृष्ण, भगवान शिव तथा बजरंग बली का पूजन किया गया। रात 11.50 बजे मंदिर में आरती शुरू की गई, सभी ने सामूहिक रूप से महा आरती की। महा आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष भागवत माहेश्वरी ने कहा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद महाशिवरात्री, होली, हनुमान जयंती, जन्माष्टमी, नवरात्री, बाबा रामदेव की दूज तथा दशम पर विशेष पूजन कार्यक्रमों को आयोजन किया गया। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को 28 जनवरी को एक वर्ष पूर्ण हो जाएंगे तथा इस दिन मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव की तैयारियों में मंदिर समिती के लोग जुटे हुए हैं।

इस अवसर पर निर्मल महेश्वरी, मनोज चोपड़ा, हरीश कोचर, नरेश संचेती, प्रकाश सोनी, भावेश चोपड़ा, संतोष शर्मा, पप्पु गांधी, हेमु गांधी, राकेश चोपड़ा, नवीन सोनी, केतन व्यास, नवनीत सिंह, राहुल चोपड़ा आदि ने योगदान दिया।